समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 6:12 बजे
सूर्यास्त शाम 6:19 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

● साल-2 ● अंक-21 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-5 रूपये ● मंगलवार 29, सितंबर 2026 ● चंडीगढ़ ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर ● एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु

न्यूज ब्रीफ

कुपवाड़ा सड़क हादसे में पांच मरे, छह घायल

कुपवाड़ा | जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के करनाह क्षेत्र में टीटवाल-सिमरी सड़क पर हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सिमरी क्षेत्र में एक सूमो वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे के बाद घायलों को तंगधार उप-जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जीएमसी हांडवारा रेफर कर दिया गया। मृतकों और घायलों की पहचान फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा फिर शुरू

देहरादून| उत्तराखंड में मौसम की स्थिति में सुधार के बाद सोमवार से चारधाम यात्रा दोबारा शुरू कर दी गई है। गढ़वाल मंडल आयुक्त आनंद स्वरूप ने बताया कि यात्रा संचालन को लेकर संबंधित जिलाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के कारण श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 26 सितंबर की दोपहर से 27 सितंबर तक यात्रा स्थगित की गई थी। अब मौसम बेहतर होने के बाद इसे फिर से सुचारू किया गया है।

जेल में कंप्यूटर इस्तेमाल की बंदी ने मांगी इजाजत

नई दिल्ली| दिल्ली हाईकोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम की याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन से जवाब मांगा है। इमाम ने जेल में पेन ड्राइव में मौजूद रिसर्च सामग्री देखने के लिए कंप्यूटर इस्तेमाल करने की परमिशन मांगी है, ताकि वह अपनी पीएचडी पूरी कर सके। कोर्ट ने जेल प्रशासन को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। इमाम के वकील के मुताबिक पेन ड्राइव में रिसर्च से जुड़ी 2,132 फाइलें हैं, जिनमें किताबें, रिसर्च पेपर और पुराने रिकॉर्ड शामिल हैं।

असम में 2 करोड़ की हेरोइन जब्त

गुवाहाटी| असम के गुवाहाटी में पुलिस ने एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 262 ग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के मुताबिक, जब्त ड्रग्स की अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपए है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुवाहाटी के सिउज नगर इलाके में की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि असम पुलिस ने ड्रग्स की तस्करी की कोशिश को नाकाम किया है।

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर प्रतिनिधिमंडल के साथ श्री दरबार साहिब में हुए नतमस्तक

समर न्यूज | अमृतसर

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को 28 सदस्यीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेककर श्रद्धा प्रकट की। इस दौरान उन्होंने गुरबाणी कीर्तन श्रवण किया और श्री हरिमंदिर साहिब की मर्यादा तथा सेवा परंपरा के बारे में जानकारी हासिल की। गोर का यह श्री हरिमंदिर साहिब का दूसरा दौरा बताया गया है। वह करीब 15 वर्ष पहले भी यहां आ चुके हैं।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने सूचना केंद्र में अमेरिकी राजदूत का स्वागत किया। उन्हें श्री हरिमंदिर साहिब का स्वर्णिम मॉडल, धार्मिक पुस्तकें और लोई देकर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान अमेरिका में हाल ही में 'मिस्टर सिंह' नाम के इस्तेमाल से जुड़े अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के पोस्टर का मामला भी उठाया गया। धामी ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए जरूरी कदम उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका के विकास में पंजाबियों और विशेष रूप से सिख समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

साथ ही वहां रह रहे सभी समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने कहा कि श्री हरिमंदिर साहिब में दुनिया के अलग-अलग देशों और धर्मों से लोग आते हैं और गुरु घर की परंपरा के अनुसार हर व्यक्ति का सम्मान किया जाता है। सर्जियो गोर ने विजिटर बुक में अपनी भावनाएं दर्ज करते हुए श्री हरिमंदिर साहिब में दोबारा आने को विशेष अनुभव बताया।

भगत सिंह के सपनों का पंजाब बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः सीएम मान

'जश्न-ए-इंकलाब' में जनसैलाब, भगत सिंह के विचारों पर चलने का लिया संकल्प

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार शहीद-ए-आजम भगत सिंह के सपनों को साकार करने और देशभक्ति, समानता, न्याय तथा जनकल्याण के मूल्यों पर आधारित पंजाब के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। वह पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में शहीद भगत सिंह की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय 'जश्न-ए-इंकलाब' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शहीद भगत सिंह की विरासत को संजोने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें मोहाली एयरपोर्ट का नाम उनके नाम पर रखना, एयरपोर्ट रोड पर 30 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा स्थापित करना और सरकारी कार्यालयों में शहीद भगत सिंह तथा डॉ. बीआर अंबेडकर के चित्र लगाना शामिल है।

उन्होंने बताया कि खटकड़ कलां में करीब 52 करोड़ रुपये की लागत से शहीद-ए-आजम भगत सिंह हेरिटेज कॉम्प्लेक्स विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य खटकड़ कलां के ऐतिहासिक स्वरूप को संरक्षित रखते हुए शहीद भगत सिंह के जीवन, विचारों और बलिदान को नई पीढ़ी तक आधुनिक माध्यमों से पहुंचाना है।

कॉम्प्लेक्स में पैतृक घर, प्रतिकृति गृह, कोर्टरूम अनुभव, हेरिटेज स्ट्रीट, गांव का पुनर्निर्मित स्वरूप, मशाल गेट, राष्ट्रीय ध्वज क्षेत्र, लाइब्रेरी, म्यूरल, मूर्तियां और अन्य प्रदर्शनी शामिल होंगी। आधुनिक ऑडिटोरियम, ऑडियो-विजुअल प्रेजेंटेशन, म्यूजिकल फाउंटेन, लाइटिंग और पर्यटक सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं।

मान ने कहा कि परियोजना अंतिम चरण में है और जल्द ही इसे जनता को समर्पित किया जाएगा। इससे विरासत शिक्षा, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के आदर्शों पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, गरीबी और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियों को खत्म करना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम में पंजाबी कलाकार रणजीत बावा और कुलविंदर बिल्ला ने प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा ढाढी जत्थों और 'गगन दमामा बाज्यो' नाटक के माध्यम से शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के जीवन तथा बलिदान को दर्शाया गया।

'गगन दमामा बाजियो' ने बांधा समां

कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध नाटक 'गगन दमामा बाजियो' की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा पंजाबी संगीत जगत के लोकप्रिय कलाकारों रंजीत बावा, कुलविंदर बिल्ला, बसंत कौर और परी पंधेर ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। ढाडी जत्थों की प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम में पंजाब की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का रंग भर दिया।

एलपीयू में फ्लैग मार्च, दो हजार पुलिस कर्मी तैनात दस दिन के लिए कक्षाएं स्थगित, टाली परिक्षाएं

एलपीयू में हिंसा की वैज्ञानिक और तकनीकी जांच में जुटी पुलिसः डीजीपी

समर न्यूज | फगवाड़ा

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में कथित यौन उत्पीड़न की अपुष्ट सूचना के बाद भड़की हिंसा और आगजनी का पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कड़ा संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोमवार को पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने विश्वविद्यालय परिसर का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था और जांच की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हिंसा और तोड़फोड़ की तकनीकी तथा फॉरेंसिक जांच की जा रही है और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

परिसर और आसपास 2,000 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस ने विश्वविद्यालय में फ्लैग मार्च भी किया। सोमवार को स्थिति शांत रही और राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल हो गया। विश्वविद्यालय ने 28 सितंबर से नियमित कक्षाएं 10 दिन के लिए स्थगित कर दी हैं, जबकि मिड-टर्म परीक्षाएं अगले आदेश तक टाल दी गई हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में छात्र घर लौटने लगे।

छात्रों की सुरक्षा और उनकी शिकायतों को सुनना भी प्राथमिकता

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने संयम बरता और न्यूनतम बल का इस्तेमाल करने की नीति अपनाई। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुरक्षा और उनकी शिकायतों को सुनना भी प्राथमिकता है, लेकिन आगजनी और तोड़फोड़ करने वालों की पहचान फॉरेंसिक तथा तकनीकी सबूतों के आधार पर की जाएगी।

छात्रों की शिकायतें भी जांच के केंद्र में

विरोध केवल कथित यौन उत्पीड़न के आरोप तक सीमित नहीं रहा। छात्रों ने गर्ल्स हॉस्टल में सुरक्षा, महिला स्टाफ की उपलब्धता, हॉस्टल प्रशासन की जवाबदेही और कुछ अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी शिकायतें उठाईं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रशासन और छात्रों के बीच विश्वास की कमी भी आंदोलन के लंबा खिंचने की वजहों में शामिल रही। कुछ छात्रों ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि हिंसा के दौरान बाहरी और नकाबपोश लोग परिसर में मौजूद थे तथा उन्होंने अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने भी बाहरी लोगों की संभावित भूमिका से इनकार नहीं किया है।

एफआईआर हुई दर्ज, लेकिन कथित पीड़िता की पहचान नहीं

विवाद की शुरुआत सोशल मीडिया और छात्रों के बीच फैली उस सूचना से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में एक छात्रा के साथ बाहरी व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया गया था। एक छात्रा के बयान पर सतनामपुरा थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और जांच के लिए विशेष जांच दल बनाया गया। हालांकि सोमवार तक पुलिस को कथित पीड़िता की पहचान नहीं मिली थी।

पंजाब में गलत या बढ़े हुए बिजली बिल पर नहीं कटेगा कनेक्शन

समर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब में गलत या असामान्य रूप से अधिक बिजली बिल मिलने से परेशान उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार ने निर्देश दिए हैं कि बिलिंग सिस्टम में आ रही तकनीकी समस्याओं के कारण जारी हुए विवादित बिलों का भुगतान न होने पर फिलहाल किसी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा।

यह व्यवस्था बिलिंग सिस्टम ठीक होने और संबंधित बिलों में सुधार होने तक लागू रहेगी। पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के डायरेक्टर डिस्ट्रीब्यूशन की ओर से सोमवार को जारी निर्देशों में कहा गया है कि पिछले दिनों मीटर रीडरों की हड़ताल और SAP/Non-SAP सिस्टम को Oracle आधारित सिस्टम में स्थानांतरित करने के दौरान बिलिंग प्रक्रिया प्रभावित हुई। इसके चलते कुछ उपभोक्ताओं के बिल वास्तविक मीटर रीडिंग के बजाय औसत या अनुमानित खपत के आधार पर तैयार किए गए।

जून में भी राज्य के 10.5 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को अनुमानित या अस्थायी बिल जारी होने की बात सामने आई थी। इनमें करीब 9.6 लाख बिल वास्तविक मीटर रीडिंग उपलब्ध न होने के कारण अनुमान के आधार पर बनाए गए थे।

सरकार ने अब स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं के बिल विवादित हैं और बिलिंग संबंधी गड़बड़ी के कारण उन्हें डिफॉल्टर दिखाया गया है, उनके खिलाफ केवल इसी आधार पर कनेक्शन काटने जैसी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

उत्तर भारत में बारिश-बाढ़ का कहर, यूपी में 56 मौतें हिमाचल में भूस्खलन, उत्तराखंड में रेस्क्यू अभियान

समर न्यूज | नई दिल्ली

उत्तर और मध्य भारत के कई राज्यों में लगातार बारिश, बाढ़, भूस्खलन और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। उत्तर प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 25 से 27 सितंबर की सुबह तक 56 लोगों की मौत और 46 लोगों के घायल होने की पुष्टि राहत आयुक्त कार्यालय ने की है। इस दौरान 1,020 से अधिक मकान भी क्षतिग्रस्त हुए। कई नदियों का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

हिमाचल में पहाड़ खिसका, सड़क बंद

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रोहड़ू क्षेत्र में सोमवार सुबह जांगलिख पुल के पास बड़ा भूस्खलन हुआ। पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आने के कारण आवाजाही बंद हो गई। मलबे ने सुंदरू खड्ड के बहाव को भी कुछ समय के लिए प्रभावित किया। प्रशासन ने मौके पर टीम भेजकर स्थिति का जायजा लिया।

राज्य में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई है। हालांकि मौसम विभाग के 28 सितंबर के ताजा पूर्वानुमान में हिमाचल के लिए सोमवार को गरज-चमक और तेज हवाओं की चेतावनी है, जबकि 29 सितंबर से अगले कई दिनों के लिए कोई बड़ी मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है।

केदारनाथ मार्ग से 1500 श्रद्धालु सुरक्षित निकाले

उत्तराखंड में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर चीड़बासा के पास भूस्खलन से फंसे करीब 1,500 श्रद्धालुओं को एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और डीडीआरएफ की संयुक्त टीमों ने सुरक्षित निकालकर गौरीकुंड पहुंचाया। लगातार पत्थर गिरने के कारण बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण रहा।

उज्जैन में शाही मस्जिद का हिस्सा हटाने पर पथराव, आंसू गैस का प्रयोग

उज्जैन| सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही शाही मस्जिद के एक हिस्से को हटाने को लेकर सोमवार को तनाव की स्थिति बन गई। कार्रवाई का विरोध कर रहे लोगों और पुलिस के बीच टकराव के दौरान पथराव हुआ, जिसके बाद पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। नगर निगम कंठाल चौराहे से गोपाल मंदिर तक करीब 900 मीटर लंबी सड़क को 15 मीटर चौड़ा कर रहा है। इसी परियोजना के दायरे में मस्जिद का कुछ हिस्सा आ रहा है। सोमवार सुबह बड़ी संख्या में लोग मस्जिद के आसपास जमा हुए और कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान क्राइम ब्रांच टीआई पुष्पा पांचाल के हाथ में चोट आई। स्थिति को देखते हुए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

सिटीजन रिपोर्टर

अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 8699221114 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

If you want to publish your advertisement on our newspaper

समर एक्सप्रेस

CONTACT:
+91 6283 860 059

पेज 1 एंकर स्टोरी | एआई जैसे आधुनिक तकनीकी स्किलस में पछड़ा पंजाब, युवाओं की भागीदारी बहुत कम

केंद्रीय योजना में सिर्फ 12,504 युवाओ को प्रमाणपत्र

समर न्यूज | चंडीगढ़

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग और बिग डेटा जैसी उभरती तकनीकों के क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए केंद्र सरकार की फ्यूचरस्किल्स प्राईम योजना में पंजाब की भागीदारी कई बड़े राज्यों की तुलना में काफी कम दर्ज की गई है। प्रौद्योगिकी मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में अब तक 23,158 उम्मीदवारों ने योजना के तहत नामांकन या प्रशिक्षण लिया, जबकि केवल 12,504 उम्मीदवार कोर्स पूरा कर प्रमाणपत्र हासिल कर सके हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से अगस्त में लोकसभा में साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक देशभर में फ्यूचरस्किल्स प्राईम पोर्टल पर 34 लाख से अधिक उम्मीदवार पंजीकरण करा चुके हैं। इनमें 23 लाख से ज्यादा लोगों ने विभिन्न कोर्स में नामांकन या प्रशिक्षण लिया और 13 लाख से अधिक उम्मीदवार प्रमाणित हो चुके हैं। इनमें 41 प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि 86 प्रतिशत से अधिक उम्मीदवार टियर-2 और टियर-3 शहरों से आते हैं। राज्यवार आंकड़ों में तमिलनाडु 5,89,429 प्रशिक्षित उम्मीदवारों और 3,61,336 प्रमाणित उम्मीदवारों के साथ सबसे आगे है। आंध्र प्रदेश में 2,44,096, कर्नाटक में 1,51,701 और महाराष्ट्र में 1,15,703 उम्मीदवारों ने प्रमाणपत्र हासिल किए हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि फ्यूचरस्किल्स प्राईमएक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है और इसके फंड राज्यों को अलग-अलग हिस्से के रूप में आवंटित नहीं किए जाते। ऐसे में पंजाब के कम आंकड़े मुख्य रूप से योजना में राज्य के युवाओं की अपेक्षाकृत कम भागीदारी को दर्शाते हैं, न कि किसी निश्चित राज्यवार फंड के इस्तेमाल या नुकसान को। तेजी से बदलते रोजगार बाजार में एआई, साइबर सिक्योरिटी जैसी तकनीकों की बढ़ती भूमिका को देखते हुए ये आंकड़े बताते हैं कि पंजाब में युवाओं तक ऐसे कौशल कार्यक्रमों की पहुंच बढ़ाने की जरूरत है।

तमिलनाडु सबसे आगे, पंजाब से कई गुना ज्यादा प्रमाणपत्र

उत्तर प्रदेश में यह संख्या 72,892 और ओडिशा में 58,142 है। पड़ोसी हरियाणा में भी 36,033 उम्मीदवारों ने प्रशिक्षण लिया और 19,173 को प्रमाणपत्र मिला। इसके मुकाबले पंजाब के 12,504 प्रमाणित उम्मीदवारों का आंकड़ा अपेक्षाकृत कम है।

500 से अधिक इंडस्ट्री आधारित कोर्स उपलब्ध

फ्यूचरस्किल्स PRIME इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और NASSCOM की संयुक्त पहल है। इसका उद्देश्य युवाओं और मौजूदा कर्मचारियों को नई तकनीकों में स्किलिंग, री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग का अवसर देना है। पोर्टल पर 500 से अधिक इंडस्ट्री आधारित कोर्स उपलब्ध हैं। इनमें AI, बिग डेटा एनालिटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, साइबर सिक्योरिटी, ब्लॉकचेन, AR/VR और अन्य उभरती तकनीकें शामिल हैं।

2026-27 में 137.17 करोड़ रुपये का बजट

योजना पर केंद्र का वित्तीय आवंटन भी लगातार बढ़ा है। वित्त वर्ष 2022-23 में इसके लिए 26.59 करोड़ रुपये आवंटित हुए थे। वर्ष 2024-25 में राशि बढ़कर 55.97 करोड़ और 2025-26 में 98.479 करोड़ रुपये हो गई। मौजूदा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 137.17 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

एशियाई पदक विजेताओं को दी जाएगी 5.33 करोड़ राशिः सुक्खू

महिला कबड्डी खिलाड़ियों को दिये जाएंगे 33-33 लाख

समर न्यूज | चं

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने 20वें एशियाई खेलों में हिमाचल के पदक विजेताओं के लिए 5.33 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान करने की घोषणा की है।



मुख्यमंत्री ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम की महिला खिलाड़ी पुष्पा राणा, रितु नेगी, ज्योति ठाकुर और भावना ठाकुर को 33-33 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं पुरूषों की मैराथन प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता सावन बरवाल को 2.50 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। महिलाओं की 10 हजार मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता सीमा कुमारी को 1.50 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

प्रदेश सरकार द्वारा इन खिलाड़ियों को कुल 5.33 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश सरकार ने पुरस्कार राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है। ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक के लिए 5 करोड़ रुपये, रजत के लिए 3 करोड़ रुपये और कांस्य पदक के लिए 2 करोड़ रुपये प्रदान किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एशियाई एवं पैरा एशियाई खेलों में स्वर्ण के लिए 4 करोड़ रुपये, रजत के लिए 2.50 करोड़ रुपये और कांस्य के लिए 1.50 करोड़ रुपये की सम्मान राशि का प्रावधान किया है।